पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

सशस्त्र सीमा बल की 10वीं वाहिनी श्रीनगर (कश्मीर) यूनिट के शैक्षिक भ्रमण पर राजभवन आये 23 बच्चों ने राज्यपाल से मुलाकात की

——————

विद्यार्थी अपने भ्रमण के अनुभव मित्रों, सहपाठियों, परिजनों के साथ अवश्य बाटें– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊः 24 फरवरी, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में सशस्त्र सीमा बल की 10वीं वाहिनी श्रीनगर (कश्मीर) यूनिट के शैक्षिक भ्रमण पर आये 23 बच्चों ने 10वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के द्वितीय कमान अधिकारी श्री राजदर्शन सिंह रावत एवं डिप्टी कमाण्डेन्ट श्री ओम प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने राजभवन के माध्यम से संचालित विभिन्न क्रिया–कलापों तथा राजभवन में हुये नवाचारों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है और युवाओं में संस्कार शिक्षा से ही आते हैं। इसलिये आप सभी अपने इस शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में अपने देश के बारे में जानिये, ऐतिहासिक स्थलों को देखिये, वहां की संस्कृति शिक्षा एवं संस्कारों को जानिये और वापसी में अपने अनुभव, अपने मित्रों, सहपाठियों, परिजनों के साथ अवश्य बाटें तथा समाज कल्याण के विभिन्न कार्यक्रम जैसे खेलकूद, रक्तदान, निःशुल्क चिकित्सा शिविर जैसे कार्यक्रम में अवश्य अपनी सहभागिता करें। भेंट के दौरान भ्रमण पर आये बच्चों ने राज्यपाल जी को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस अवसर पर आई0जी0 श्री रत्न संजय, डी0आई0जी श्री महेश कुमार, डिप्टी कमिश्नर पुलिस श्री नवीन शर्मा तथा सहायक कमिश्नर पुलिस श्री दुर्गाशंकर मीणा आदि उपस्थित थे।

——————————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन